भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3296
13 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

आईएमडी आंकड़ा

3296. श्री जी°एम° सिद्धेश्वरः

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ब्लॉक-वार आंकड़ा प्रदान करता है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या आईएमडी के पास वायुमंडल में व्यापक और लम्बवत स्तरों पर वर्षा के आंकड़े एकत्र करने के लिए पर्याप्त संख्या में राडार हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय मीडियम रेंज मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से 20 और वैज्ञानिकों की मांग की थी और यदि हां, तो क्या उन्हें ये वैज्ञानिक प्रदान करा दिए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या जलवायु मॉडलिंग में उत्कृष्टता केंद्र शुरू किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) जी, हां। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कृषि मौसम परामर्शिकाएं प्रदान करने के लिए देश में 637 जिलों को पहले से ही कवर कर रखा है और अब भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेटवर्क के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों (के.वी.के) के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर मौसम पूर्वानुमान और कृषि मौसम परामर्शी सेवाएं लागू करने की योजना बना रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नेटवर्क के तहत कृषि विभाग केंद्रों (के.वी.के.एस) में जिला कृषि मौसम ईकाइयां (डीएएमयू) स्थापित की जा रही हैं। ब्लॉक स्तर पर कृषि मौसम परामर्शी सेवाएं लागू होने से मौसम और जलवायु में सूक्ष्म स्तर की भिन्नता का पता चलता है और इसलिए अधिकाधिक संख्या में किसान लाभान्वित होंगे।

फरवरी 2020 के अंत तक, 123 जिला कृषि मौसम इकाइयों और 100 कृषि मौसम विज्ञान क्षेत्रीय ईकाइयों (ए.एम.एफ.यू) ने कुल 2127 ब्लॉक (100 कृषि मौसम विज्ञान क्षेत्रीय ईकाइयों द्वारा 1227 ब्लॉक और 123 जिला कृषि मौसम ईकाइयों द्वारा 900 ब्लॉक) को कवर करते हुए प्रयोगात्मक ब्लॉक स्तर पर कृषि मौसम विज्ञान परामर्शीकाएं सृजित करना शुरू कर दिया है।

(ख) जी, हां। वर्तमान में भारत मौसम विज्ञान विभाग के पास चेरापूंजी और तिरूवनंतपुरम में दो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान 23 डॉप्लर मौसम राडार (डीडब्ल्यूआरएस) और साझा राडार डाटा का नेटवर्क है जो अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II (क्षेत्र कवरेज का चित्रित डायग्राम) में दिया गया है। नेटवर्क में अतंर को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 29 डॉप्लर मौसम राडार का अनुमोदन किया गया है और अंतिम रूप देने और स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं।

(ग) राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मानसून मिशन कार्यक्रम के तहत 20 वैज्ञानिकों की मांग की थी जिनमें से 15 को वर्ष 2017-18 के दौरान मंजूर कर लिया था। राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने मानसून मिशन के तहत वर्ष 2019 में 7 वैज्ञानिकों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने वर्ष 2019 में 8 वैज्ञानिकों की भी भर्ती की है।

(घ) जी, हाँ। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने देश में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे में, जनवरी 2009 से जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केंद्र (सीसीसीआर) की पहले ही स्थापना कर दी है। यह केन्द्र, वैश्विक और क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन पर अनुसंधान करने के लिए समर्पित है जिसका विशेष ध्यान भारतीय जलवायु तथा मानसून पर केंद्रित है। सीसीसीआर ने युग्मित जलवायु मॉडलिंग शुरू किया है और प्रयासों के आधार पर, एक भारतीय जलवायु विशिष्ट पृथ्वी प्रणाली मॉडल (ईएसएम) विकसित किया गया है जो जलवायु परिवर्तन अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) के छठे आकलन (आईपीसीसी-एआर 6) में योगदान दे रहा है। वर्तमान में, जलवायु परिवर्तन परिदृश्य सृजित करने के प्रयास चल रहे हैं। साथ ही, क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए, सीसीसीआर ने समन्वित डाउनस्केलिंग परीक्षण (कोर्डेक्स)-दक्षिण एशिया कार्यक्रम भी प्रारंभ किया है।

****

अनुलग्नक-I

विद्यमान आई.एम.डी राडारों की सूची		
क्र.सं.	**स्टेशन**	**राज्य / केन्द्र शासित प्रदेशों में**
1	अगरतला	त्रिपुरा
2	भोपाल	मध्य प्रदेश
3	भुज	गुजरात
4	चेन्नई	तमिलनाडु
5	गोवा	गोवा
6	गोपालपुर	ओडिशा
7	हैदराबाद	ओडिशा
8	जयपुर	राजस्थान
9	कराईकल	तमिलनाडु
10	कोच्चि	केरल
1 1	कोलकाता	पश्चिम बंगाल
12	लखनऊ	उत्तर प्रदेश
13	मछलीपट्टनम	आंध्र प्रदेश
14	मोहनबाड़ी	असम
15	मुंबई	महाराष्ट्र
16	नागपुर	महाराष्ट्र
17	नई दिल्ली (मुख्यालय)	दिल्ली
18	नई दिल्ली) पालम)	दिल्ली
19	पारादीप	ओडिशा
20	पटियाला	पंजाब
21	पटना	बिहार
22	श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर
23	विशाखापट्टनम	आंध्र प्रदेश
विद्यमान इसरों राडारों की सूची।		
1	चेरापूंजी	मेघालय
2	तिरुवनंतपुरम	केरल

*****


IMD DWR NETWORK
Sonmarg
Srinagar
Patiala
Delhi (Palam)
Jaipur
Lucknow
Patna
Mohanbari
Cherapunjee
Agartala
Kolkata
Bhuj
Bhopal
Nagpur
Paradip
Gopalpur
Mumbai
Hyderabad
Vishakhapatnam
Machilipatnam
Goa
Chennai
Karaikal
Kochi
Thiruvananthapuram
Legend
Dual Pol C-band DWR
Dual Pol S-band DWR
S-band DWR
X-band DWR